(1)

# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 31वीं बैठक दिनाँक 18 जून, 2016 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 31वीं बैठक दिनाँक 18 जून, 2016 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलसचिव सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 गया प्रसाद, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री ओम प्रकाश शर्मा, मा0 विधान परिषद सदस्य | सदस्य |
| 3. | श्री शिव राम त्रिपाठी, संयुक्त सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | श्री रणबीर सिंह, लाइव स्टाक ब्रीडर | सदस्य |
| 5. | श्री अनिल कुमार यादव, कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 6. | डा0 महेश कौशिक, कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 7. | श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 8. | डा0 पी0एस0 पाण्डेय, सहायक महानिदेशक आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि | सदस्य |
| 9. | श्री ब्रहमपालसिंह, संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 10. | श्री राम चन्द्र सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 11. | प्रौ0 जसवन्त सिंह नेगी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ (प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 12. | डा0 एस0के0 श्रीवास्तव, अपर निदेशक, मेरठ (निदेशक पशुपालन के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 13. | श्री सत्येन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक | सचिव |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

22/6/16

G. Prasad
28/06/XVI

**प्रस्ताव संख्या 31.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 30वीं बैठक दिनाँक 27 जनवरी, 2016 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिनाँक 27 जनवरी, 2016 को सम्पन्न 30वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 31.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 30वीं बैठक दिनाँक 27 जनवरी, 2016 के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या**

अनुपालन आख्या का अवलोकन कर निम्न निर्देश दिये गयेः–

1. **असमायोजित अग्रिमों का समायोजन**

   समायोजन के सम्बन्ध में अपने पूर्व निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए निर्देश दिये गये कि अग्रिम समायोजन प्राथमिकता पर कराये जायें परन्तु पूर्व आदेशों के अनुपालन में अग्रिम समायोजित न कराने वाले जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को वेतन भुगतान रोक दिया गया है, उसे तत्काल कर दिया जाये तथा भविष्य में भी किसी अधिकारी/कर्मचारी के वेतन से कटौती न की जाय। दिनाँक 31 मार्च, 2016 तक के असमायोजित अग्रिमों की विस्तृत सूची मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये।

   **(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

2. **निदेशक/अधिष्ठाता/कुलसचिव के पदों पर तैनाती**

   निदेशक/अधिष्ठाता के पदों पर तैनाती के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि शिक्षकों की अनन्तिम वरिष्ठता सूची जारी कर आपत्तियाँ मांगी जायें। इसके उपरान्त नियमानुसार शिक्षकों की वरिष्ठता सूची तत्काल जारी करने के निर्देश दिये गये।

   **(कार्रवाईः कुलसचिव)**

3. **छात्रावासों का नियमित/आकस्मिक निरीक्षण**

   प्रत्येक छात्रावास में निरीक्षण पंजिका रखी जाये। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के समय छात्रावासों में पायी गयी कमियों को पंजिका में अंकित करते हुए तत्काल दूर किया जाये। छात्रावास में कोई बड़ी घटना होती है तो उस सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठक में अवगत कराया जाये।

   **(कार्रवाईः अधिष्ठाता छात्र कल्याण)**

22/6/16

G. Prasad
22/06/2016

3

4. **आडिट आपत्तियों की अद्यावधिक स्थिति**

संयुक्त निदेशक, कार्यालय निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, इलाहाबाद के पत्र संख्या–वि0म0/आपत्ति–निस्ता0/246 दिनाँक 27 मई, 2016 के सम्बन्ध में आडिट आपत्ति अनुपालन में प्रगति से अवगत होते हुए निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय के लेखाधिकारियों को निर्देशित किया जायें कि आवंटित वित्तीय वर्ष की लम्बित आडिट आपत्तियों के अनुपालन हेतु कार्यक्रम घोषित करें तथा सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर उनके विभाग/कार्यालय में ही आडिट आपत्तियों की अनुपालन आख्या तैयार कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्रवाईः सम्बन्धित लेखाधिकारी)**

5. **कुशल/अकुशल श्रमिकों के ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 तथा बकाया भुगतान के सम्बन्ध में**

विश्वविद्यालय में सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कुशल/अकुशल श्रमिकों के ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 तथा बकाया भुगतान के सम्बन्ध में गठित जाँच समिति से रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी। साथ ही निर्णय लिया गया कि फर्म मैसर्स ऐन्टेलस सिक्योरिटी एण्ड एलाईड सर्विसेज, प्रथम तल, न्यू पटेल नगर के सामने, रेलवे क्रासिंग के समीप, शारदा नगर, सहारनपुर (उ0प्र0) द्वारा जमा करायी गयी बैंक गारन्टी धनराशि रू0 20 लाख मात्र जाँच रिपोर्ट आने तक जब्त कर ली जाये।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 31.3 : विद्वत परिषद की 56वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 56वीं बैठक दिनाँक 19 अप्रैल, 2016 की संस्तुतियों को अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–31.4 : विद्वत परिषद की 57वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 57वीं बैठक दिनाँक 12 मई, 2016 की संस्तुतियों को इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि:–

24/6/16

G. Prasad
28/06/2016

1. शिक्षकों के पदों की भर्ती हेतु शैक्षिक योग्यता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की गाईडलाईन्स के अनुसार ही रखी जायें।
2. शासन द्वारा पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी हो।

(कार्रवाईः—कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या—31.5 : डा0 रमेश सिंह, सहायक प्राध्यापक, पादप रोग विज्ञान विभाग के निलम्बन पर विचार।**

कुलसचिव कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या—सवप/2016/का0 अनु0/4559 दिनाँक 16 मई, 2016 द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में डा0 रमेश सिंह, सहायक प्राध्यापक, (पादप रोग) के निलम्बन आदेश का अनुमोदन किया गया।

(कार्रवाईः कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या—31.6 : कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत Programme Coordinator/ Associate Director Extension (कार्यक्रम समन्वयक/ सहनिदेशक प्रसार) के पदनाम को परिवर्तित कर Senior Scientist & Head/ Associate Director Extension (सीनियर साइंटिस्ट एण्ड हेड/सहनिदेशक प्रसार) पदनाम दिये जाने के सम्बन्ध में।**

निदेशक प्रसार के पत्र संख्या सवप/2016/प्रसार/2295 दिनांक 06.05.2016 द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत Programme Coordinator/Associate Director Extension (कार्यक्रम समन्वयक/ सहनिदेशक प्रसार) के पदनाम को परिवर्तित कर Senior Scientist & Head/Associate Director Extension (सीनियर साइंटिस्ट एण्ड हेड/ सहनिदेशक प्रसार) पदनाम दिये जाने का अनुमोदन किया गया।

(कार्रवाईः कुलसचिव/निदेशक प्रसार)

**प्रस्ताव संख्या—31.7 प्रोन्नत पदनाम संयुक्त निदेशक प्रसार के स्थान पर प्रोन्नत पदनाम प्राध्यापक दिये जाने के सम्बन्ध में।**

कुलसचिव के पत्र संख्या सवप/2016/का0अनु0/4597 दिनांक 31.05.16 द्वारा निम्न अधिकारियों को प्रोन्नति पर संयुक्त निदेशक के स्थान पर प्राध्यापक पदनाम दिये जाने पर विचार किया गयाः—

22/6/16

28/06/XVI

1. डा0 जी0आर0 सिंह, संयुक्त निदेशक प्रसार (कृषि अभियंत्रण)
2. डा0 मोहन लाल, संयुक्त निदेशक प्रसार (सस्य विज्ञान)
3. डा0 शिव सिंह, संयुक्त निदेशक (सस्य विज्ञान)

उक्त सम्बन्ध में विचार–विमर्श के उपरान्त उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृत पदों के अनुरूप पदनाम दिये जाने का अनुमोदन किया गया।

(कार्रवाईः–कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या–31.8 उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में योगदान देने से पूर्व उ0प्र0 सरकार अथवा ऐसे समस्त शासन के नियंत्रणधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में की गयी सेवाओं की गणना पेंशन हेतु आगणित किये जाने के सम्बन्ध में।**

कुलसचिव के पत्र संख्या–सवप/2016/का0अनु0/4580 दिनाँक 23.05.2016 एवं सवप/2016/का0अनु0/4643 दिनाँक 15.06.2016 द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में योगदान देने से पूर्व उ0प्र0 सरकार अथवा ऐसे समस्त शासन के नियंत्रणाधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में की गयी सेवाओं की गणना पेंशन हेतु आगणित किये जाने के सम्बन्ध में है। लाभार्थियों का विवरण निम्नवत हैः–

1. डा0 सुबोध कुमार भटनागर, प्राध्यापक (कोशिका विज्ञान विभाग)
2. डा0 राजवीर सिंह, प्राध्यापक (पशुपालन)
3. डा0 बिजेन्द्र सिंह, प्राध्यापक (उद्यान)
4. डा0 सतेन्द्र कुमार, सहप्राध्यापक (मृदा)
5. डा0 हुब्बा लाल सिंह, सहायक प्राध्यापक (कृषि अभियंत्रण)
6. डा0 मुकेश कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ/सहायक प्राध्यापक (सस्य)
7. डा0 सुरज पाल सिंह, सहायक प्राध्यापक (सस्य)
8. डा0 ओमवीर सिंह, क्रार्यक्रम समनवयक/सह निदेशक प्रसार

22/6/16

28/06/XVI

उक्त के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्रों की सेवायें पेंशन योग्य नहीं है। इस शर्त के साथ अनुमोदन किया गया कि प्रत्येक प्रकरण की गहन जांच कर लें तथा कृषि विज्ञान केन्द्र पर की गयी सेवाएं पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा में न जोड़ी जायें।

(कार्रवाईः कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या–31.9** **(क) डा0 के0जी0 यादव, विषय वस्तु विशेषज्ञ/सहायक प्राध्यापक (सस्य), प्रसार निदेशालय को कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत वेतन बैण्ड रू0 15600–39100 ए0जी0पी0 रू0 7000/– को दिनाँक 30.10 2015 से ए0जी0पी0 रू0 8000 के स्थान पर दिनांक 13.04.2014 में दिये जाने के सम्बन्ध में।**

**(ख) डा0 प्रवीन कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ/सहायक प्राध्यापक (सस्य), प्रसार निदेशालय को कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत वेतन बैण्ड रू0 15600–39100 ए0जी0पी0 रू0 7000/– को दिनाँक 24.02.2015 से ए0जी0पी0 रू0 8000 के स्थान पर दिनांक 30.03.2014 में दिये जाने के सम्बन्ध में।**

कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

(कार्रवाईः–कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या–31.10 विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक/कर्मचारियों को स्वैच्छिक परिवार कल्याण के अन्तर्गत अनुमन्य वैयक्तिक वेतन तथा महिला शिक्षिकाओं/कृषि विज्ञान केन्द्र की महिला वैज्ञानिक/कर्मचारियों को प्रसूति अवकाश एवं बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत करने के संबंध में।**

कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

(कार्रवाईः–कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या–31.11 विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षणेत्तर श्रेणी के 18 पदों हेतु विज्ञापन, शैक्षिक योग्यता, आवेदन प्रपत्र एवं स्कोर कार्ड के निर्धारण के सम्बन्ध में।**

कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

(कार्रवाईः–कुलसचिव)

22/6/16

28/06/2016

**प्रस्ताव संख्या–31.12 CAS के सम्बन्ध में विधिवत गठित चयन समिति की संस्तुतियों का अनुपालन**

CAS का लाभ 17 शिक्षकों को अनुमन्य करने पर विचार–विमर्श कर निम्न प्रकार स्वीकृति प्रदान की गयी:–

| SN | Name | Present Designation | Subject | Present Pay Scale & Grade Pay | Recommendation of Selection Committee | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Designation | Pay Scale & Grade Pay | Date of Award Pay Scale & Grade Pay | Remark |
| 1 | Dr. D.K. Singh | Associate Professor | Agric. Extension | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 12.04.2010 | Recommended |
| 2 | Dr. R.N. Yadav | Associate Professor | Agric. Extension | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 01.08.2010 | Recommended |
| 3 | Sh. Dan Singh | Asstt. Professor | Agric. Extension | 15600-39100 (AGP 7000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 8000) | 17.04.2014 | Recommended |
| 4 | Sh. V.K. Singh | Asstt. Professor | Agric. Extension | 15600-39100 (AGP 6000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 7000) | 24.03.2011 | Recommended |
| 5 | Dr. S.B. Singh | Associate Professor | Genetics & Plant Breeding | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 01.11.2008 | Recommended |
| 6 | Dr. Mukesh Kumar | SMS/ Asstt. Professor | Genetics & Plant Breeding | 15600-39100 (AGP 7000) | SMS/ Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 8000) | 24.03.2014 | Recommended |
| 7 | Dr. Shiv Kumar Singh | Asstt. Professor | Genetics & Plant Breeding | 15600-39100 (AGP 7000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 8000) | 24.03.2014 | Recommended |
| 8 | Dr. Atar Singh | Asstt. Professor | Genetics & Plant Breeding | 15600-39100 (AGP 6000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 7000) | 11.08.2011 | Recommended |
| 9 | Sh. Pankaj Kumar | Associate Professor | Biochemistry & Physiology | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 01.06.2013 | Recommended |

22/6/16

26/06/XVI

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Dr. Sandeep Kumar | Asstt. Professor | Biochemistry & Physiology | 15600-39100 (AGP 6000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 7000) | 28.05.2011 | Recommended |
| 11 | Sh. Deepak sishodia | Asstt. Professor | Basic Science/ Computer | 15600-39100 (AGP 6000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 7000) | 09.08.2010 | Recommended |
| 12 | Dr. Vineeta verma | Asstt. Professor | Basic Science/ Computer | 15600-39100 (AGP 6000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 7000) | 22.03.2010 | Recommended |
| 13 | Dr. Gopal Singh | Associate Professor | Plant Pathology | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 10.04.2010 | Recommended |
| 14 | Dr. Kamal Khilari | Associate Professor | Plant Pathology | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 10.04.2010 | Recommended |
| 15 | Dr.Nutan Verma | Associate Professor | Plant Pathology | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 27.07.2009 | Recommended |
| 16 | Dr. Phaggan Singh | Associate Professor | Plant Pathology | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 12.02.2003 | Recommended |
| 17 | Dr. Prashant Mishra | Asstt. Professor | Plant Pathology | 15600-39100 (AGP 7000) | Asstt. Professor | 15600-39100 (AGP 8000) | 28.07.2012 | Recommended |

24/6/16

28/6/XVI

(कार्रवाई: कुलसचिव)

प्रस्ताव संख्या–31.13

**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव**

**(क)विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों को राज्य सरकार के कर्मचारियों कि भांति विश्वविद्यालय में चिकित्सा सुविधा दी जाय।**

मेडिकल के सम्बन्ध में अध्यक्ष की अनुमति से श्री ओम प्रकाश शर्मा, मा0 सदस्य विधान परिषद, उ0प्र0 द्वारा एक प्रस्ताव रखा, जिसे सभी प्रबन्ध परिषद सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

**(ख) डा0 पंकज कुमार, सह प्राध्यापक, जैव प्रौद्यागिकी महाविद्यालय द्वारा गोविन्द वल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) में की गयी सेवाओं को जोड़ने के संबंध में।**

डा0 पंकज कुमार, सह प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा गोविन्द वल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, ऊधमसिंहनगर (उत्तरांचल) में की गयी सेवायें इस शर्त के साथ पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा में जोड़ने की संस्तुति की गयीं कि सेवायें जोड़ने की स्वीकृति उ0प्र0 शासन से प्राप्त कर ली जाये।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

28/6/11

**(सत्येन्द्र कुमार)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

अनुमोदित

**(डा0 गया प्रसाद)** 28/06/2011
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद